राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने होली पर्व के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 27 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सभी बिहारवासियों व देशवासियों को 'होली' पर्व के सुअवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि होली प्रेम, उल्लास, बंधुत्व और सामाजिक समरसता का एक ऐसा अनूठा लोक पर्व है जिसमें सभी लोग जीवन की मस्ती के रंगों में रंग जाते हैं। इस त्योहार से हमारी सामाजिक सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकता भी सशक्त होती है।

राज्यपाल ने मंगलकामना की है कि सभी बिहारवासी होली के इस पावन पर्व को हँसी–खुशी और उमंग के साथ मनायें ताकि देश और समाज में सुख–शांति और समृद्धि रहे तथा हम प्रगति–पथ पर सतत तेजी से आगे बढ़ते रहें।

....